## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का होली मिलन समारोह आज

**मैहर।** फागुन के पवित्र मास में 29 मार्च शनिवार को मैहर जिला कांग्रेस का होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेश घई व वरिष्ठ नेता मनीष पटेल की अगुवाई में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से फाग गायन से होगा जिसमें कार्यकर्ताओं को दोपहर में भोजन की भी व्यवस्था की गई है। शाम 3 बजे तक कटनी रोड जैन पैट्रोल पंप के पास सक्सेना कॉलोनी न्यू होराइजन स्कूल ग्राउंड में कार्यक्रम जारी रहेगा। इस आयोजन मे विधानसभा क्षेत्र के सभी नेतागण, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से पहुंचने की अपील की गई है।

### इंजी.रमेश जैन को मातृ शोक



**सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के वरिष्ठ सदस्य इंजी. रमेश जैन की मां श्रीमती राजकुमारी जैन का देह परिवर्तन पंच परमेष्ठी के उच्चारण के साथ बुधवार रात्रि 9 बजे हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा गुरुवार 27 मार्च दोपहर 1 बजे निज निवास प्रेम नगर से निकलकर तारा देवी मुक्तिधाम नजीराबाद पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।हिंदू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी,वरिष्ठ सदस्य उत्तम बनर्जी, योगेश ताम्रकार, राम अवतार चमड़िया, लखनलाल केशरवानी, संयोजक कमलजीत सिंह सेठी,जितेंद्र जैन, हेमचंद्र जायसवाल ने श्रीमती राजकुमारी जैन के परिजनों को असीम दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है।

### समाधान ऑनलाइन आज सायं 4 बजे से

**सतना।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 28 मार्च को सायं 4 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों, डूबने की दुर्घटनाओं के प्रबंध, कानून व्यवस्थाओं की स्थिति तथा राजस्व के विषय पर भी चर्चा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी के साथ कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति अब 9 अप्रैल को होगी

**सतना।** मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट के माध्यम से प्रत्येक माह की प्रथम तारीख को सम्पन्न होने वाली संगीत संध्या नवरात्रि पर्व के चलते अब 9 अप्रैल 2025 को सायं 7 बजे शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर में सम्पन्न होगी। शास्त्रीय संगीत के इस नियमित मासिक कार्यक्रम के अवसर पर नवोदित कलाकारों के उत्साह वर्धन के लिए कला प्रेमी रसिक जन ईस्ट मित्रों के साथ सादर आमंत्रित है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आपदा पीड़ित व्यक्ति के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) राहुल सिलाडिया द्वारा रघुराजनगर तहसील के रामपुर चौरासी निवासी राधा चौधरी के पति की मृत्यु सर्पदंश से होने पर 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# ये माई शारदा का पावन धाम है... खैरात का अड्डा नहीं!!

### अतिक्रमण को लेकर विधायक की डेड लाइन जारी



**मैहर।** विधायक मैहर ने नवरात्रि के मद्देनजर देवीधाम की व्यवस्थाओं को मूर्त रूप देने के लिए जिला प्रशासन सहित अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक कर साफ शब्दों में कहा कि मेरी प्राथमिकता नवरात्रि में दर्शनार्थियों को निर्विघ्न व्यवस्था देना है इसलिए स्वास्तिक कॉम्प्लेक्स सहित रोपवे एरिया में तीन दिवस के अंदर एक भी अतिक्रमण दिखाई नहीं देना चाहिए। इसी तरह पूरे शारदा धाम की स्वच्छता प्राथमिकता में होनी चाहिए। श्री चतुर्वेदी ने बताया है कि 16 हजार से 90 हजार तक श्रद्धालुओं के पहुंचने के आंकड़े बताए जा रहे हैं। इसी तरह उन पर भी शिकंजा कसा जाना चाहिए जो अनावश्यक रूप से इस दौरान उपस्थित रहकर अव्यवस्था फैलाने में सहयोग करते है। मेले के दौरान जिनकी ड्यूटी लगती है वह ड्यूटी कितने बजे से है सबकी उपस्थिति समय अनुसार होनी चाहिए अगर वे लोग सेवा देने में असमर्थ है तो इन्हें विश्राम करने की आदेश मिलना चाहिए। इनकी जगह कलेक्टर दर पर काम करने वाले निष्ठावान कर्मचारी नियुक्त किए जाने चाहिए। ये माई शारदा का पावन धाम है खैरात का अड्डा नहीं जो सेवा भाव से कार्य नहीं कर सकता उन्हें रास्ता दिखाने का कार्य किया जाना चाहिए। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 72 घंटे में अतिक्रमण साफ होना चाहिए जिससे हम दर्शनार्थियों को सुगम व्यवस्था के साथ दर्शन उपलब्ध करा सके।

# चिलचिलाती धूप व गर्म हवाओं के चलते लोग बेहाल, पारा 40 डिग्री पार



### दोपहर के वक्त सड़कें हुईं सूनी

**सतना।** मार्च के महीने में गुरुवार को सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। सुबह से लेकर दोपहर तक चिलचलाती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। मौसम विभाग ने गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.02 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया है जबकि न्यूनतम तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गौरतलब है कि जैसे-जैसे मार्च का महीना खत्म हो रहा है वैसे-वैसे मौसम में गर्मी बढ़ती जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 35.6, मंगलवार को 37 डिग्री और बुधवार को अधिकतम तापमान 38.99 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।

### भीषण गर्मी का कहर

गुरुवार को चिलचिलाती धूप व अत्यधिक गर्म हवाओं के झोके ने सभी को बेहाल करके रख दिया है। धूप इतनी तेज हो रही है कि लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी के कारण वैसे लोग दोपहर के समय तो घरों के बाहर काफी कम ही निकलते हैं। लेकिन गुरुवार को अचानक इतनी तेज गर्मी बढ़ गई कि जैसे जेठ का महीना हो।



# मझगवां के जंगल में लगी आग ग्रामीणों ने 3 घंटे में बुझाई



**सतना।** चित्रकूट उप वनमंडल के मझगवां रेंज में गुरुवार दोपहर को आग लग गई। कोल्दरी गांव से सटे जंगल में लगी आग जब गांव की तरफ बढ़ने लगी,तो ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों के प्रयासों और वन अमले की सक्रियता से आग पर 3 घंटे में काबू पा लिया गया। मझगवां रेंजर पंकज दुबे ने बताया कोल्दरी से लगे राजस्व के मैदानी इलाके में दोपहर 12 बजे आग लगने की सूचना मिली। आग करीब 3 हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई थी। गांव के लोगों ने बोर का पानी बाल्टी और डिब्बों में भरकर आग बुझाने का काम किया। महिलाएं और बच्चे भी आग को काबू में लाने के लिए दौड़-दौड़ कर मदद करते रहे। टीम और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से 3 घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। गर्मी के मौसम में तराई अंचल में आग लगने का खतरा बना रहता है।



# कांग्रेस ने हमेशा हिंदू धर्म और संस्कृति का मजाक उड़ाया है : भगवती पाण्डेय

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस पर लगाया सनातन धर्म के अपमान का आरोप

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कांग्रेस पर सनातन धर्म का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा हिंदू धर्म और संस्कृति का मजाक उड़ाया है और अब हिंदू संतों व गुरुओं के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा,प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों लोगों ने मां गंगा का आशीर्वाद लिया। जिस मां ने हमें जन्म दिया,उसी का अपमान किया जा रहा है। कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से हिंदू विरोधी रही है,और अब वह खुले तौर पर सनातन धर्म को नीचा दिखाने की कोशिश कर रही है।उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी और ऐसे अपमानजनक बयानों का कड़ा विरोध करेगी।भाजपा नेता ने कांग्रेस से मांग की कि वह हिंदू धर्म के प्रति की गई अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगे। साथ ही,उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसे बयानों का विरोध करें और अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट रहें।



### भाजपा मीडिया प्रभारी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा आयोजित सम्मेलन में हिन्दू गुरुओं का अपमान और उन्हें 'सांड' जैसे शब्दों से संबोधित करना निंदनीय है। उन्होंने इसे मां गंगा का अपमान करार देते हुए कहा कि कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से ही सनातनी परंपराओं और हिन्दू आस्थाओं के प्रति अपमानजनक रही है। भाजपा नेता ने कहा कि पिछले 70 सालों से कांग्रेस ने देश को गिद्ध की तरह नोच-नोच कर खाने का काम किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सनातनी हिन्दूओं का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। श्रीगुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की हिन्दू विरोधी मानसिकता अब जनता के सामने उजागर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिन्दू संस्कृति और मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।



### निःशुल्क शिविर में कटे-फटे होठ एवं तालू के 16 बच्चो की हुई जांच

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि 25 मार्च को जिला चिकित्सालय सतना में जन्मजात विकृत शून्य से 18 वर्ष तक के कटे-फटे होठ एवं तालू से पीड़ति बच्चों के लिये निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन दुबे सर्जिकल हास्पिटल जबलपुर के सहयोग से किया गया। शिविर में विकासखण्डवार पदस्थ आरबीएसके टीम द्वारा जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर चिन्हित बच्चों का जिला अस्पताल में पंजीयन के बाद विकासखण्डवार कटे-होठ एवं फटे तालू से पीडित 16 बच्चों का परीक्षण किया गया। जिनमें आपरेशन योग्य पाये गये 8 बच्चों को चिहिन्त कर आरबीएसके टीम द्वारा दुबे सर्जिकल एण्ड डेन्टल हास्पिटल जबलपुर ले जाया गया है। शिविर में बताया गया कि ऐसी जन्मजात विकृति जो मां के गर्भ से ही बच्चों में पाई जाती है और 1000 जीवित जन्म में 0.93 बच्चे कटे-होठ एवं फटे तालू से पीडित पाये जाते हैं। परीक्षण के दौरान डॉ.के के पटेल,डॉ मीना सिंह तिवारी,डॉ चंद्रकांत द्विवेदी,डॉ ज्ञानेश मिश्रा,राखी पांडेय,विक्रम प्रजापति,डॉ देवव्रत दीक्षित,डॉ यादवेंद्र सिंह,डॉ प्रशांत सिंह,डॉ पूजा शुक्ला,डॉ पुष्पा प्रजापति,डॉ प्रदीप अहिरवार उपस्थित रहे।

# भदनपुर में घटिया बारात घर बनाने की शिकायत

**मैहर।** अल्ट्राटेक कंपनी के द्वारा ग्राम पंचायत भदनपुर दक्षिण में ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए उनकी समस्या को दूर करने के लिए एक पहल कर सीएसआर विभाग से भदनपुर में एक सर्व सुभिधा युक्त बारात घर बनाने का प्लान बनाया गया है। बारात घर को बनाने के कंपनी द्वारा रेसियो तैयार कर ठेकेदार को ठेका के माध्यम से भवन बनाने को दिया गया है। जिससे ग्रामीण के बीच एक का माहौल था लेकिन ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण कराना शुरू कर दिया गया है जिसकी शिकायत कार्यालय ग्राम पंचायत भदनपुर द.प. के लेटर पेड में लेख कर आजमाइन्स मैनेजर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को दिया गया। इसके पहिले घटिया निर्माण देखकर ग्रामीणों के द्वारा सरपंच और सचिव को बताया गया जिस पर मौका मुआयना करने पहुंचे जहां देखा गया की रेत की जगह डस्ट से दीवार बनाई गई है जिसकी एक लिखियत शिकायत बनाकर सरपंच सचिव और ग्रामीणों के द्वारा अल्ट्राटेक के माइंस गेट जा कर माइंस मैनेजर को ठेकदार के द्वारा घटिया निर्माण कार्य की जानकारी देने पहुंचे। माइंस मैनेजर के न होने की वजह से माइंस गेट के सुरक्षा कर्मियों को आवेदन देकर माइंस मैनेजर को देने के लिए कहा और मौखिक रूप से बताया कि बारात घर का निर्माण घटिया तरीके से हो रहा है। बारात घर का निर्माण कंपनी के बनाए गए रेसियों के हिसाब से नहीं हो रहा है इसलिए ऐसे ठेकेदार को हमारे ग्राम पंचायत से ब्लैक लिस्ट किया जाए क्योंकि जहां एक चार का मसाला लगना चाहिए वहां डस्ट और मनमानी तरीके से सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है जिससे बिल्डिंग की स्थिति आने वाले समय में जर्जर हो सकती है। यही नहीं ठेकेदार के द्वारा ट्रांसफार्मर से तार लगाकर बिजली चोरी करने का भी आरोप लगाया गया है। इसलिए बिजली विभाग के द्वारा भी कार्रवाई की जाना चाहिए।

**बिजली चोरी के भी आरोप लगाए जा रहे हैं**

### इनका कहना है-

सरपंच का कहना कि मेरे द्वारा ही कंपनी से बात कर बारात घर हरिजन बस्ती में बनाने का अनुरोध किया गया था कंपनी के द्वारा बारात घर बनाना सुनिश्चित किया गया लेकिन ऐसे घटिया कार्य मिला है कि वह घटिया तरीके से ही सारे कार्य कर रहा है जिसकी जांच कर कार्रवाई की जाना चाहिए।




## एकेएस वि.वि.सतना द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष इकाई शिविर ग्राम रनेही, कोठी में

**सतना।** एकेएस वि.वि.सतना द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष इकाई शिविर ग्राम रनेही,कोठी में 25 मार्च से 31 मार्च तक लगा हुआ है। उद्घाटन सत्र पर उपस्थित मुख्य अतिथि नगर परिषद कोठी अध्यक्ष सुखवंती कोरी,अध्यक्षता प्रतिकुलाधिपति एकेएस विश्वविद्यालय सतना अनंत कुमार सोनी, विशिष्ट अतिथि 'व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर कोठी' अनुपम पाठक,'सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत रनेही' रोहित सिंह बघेल, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य कोठी' धीरेंद्र शर्मा,'वरिष्ठ समाज सेविका कोठी' प्रियंका बागरी, व सरस्वती स्कूल के शिक्षको की भी उपस्थिति रही। उपस्थित सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना तथा विद्यार्थी जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना कितनी महत्वपूर्ण है यह अतिथियों द्वारा बताया गया। कार्यक्रम समन्वयक रासेयो डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा शिविर दिनचर्या और कौन-कौन से कार्य हो रहे हैं उन पर जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम अधिकारी इंजी.रमा शुक्ला के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की अहम बातों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम समापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दीपक मिश्रा द्वारा किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा बनाया गया भोजन अतिथियों को परोसा गया।बौद्धिक चर्चा पर मुख्य वक्ता के रूप में उपाध्यक्ष नगर परिषद कोठी से सौरव सिंह ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर अपनी बातें कहीं इन्हीं के साथ विशिष्ट वक्ता के रूप में आचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय कोठी से दिनकर शर्मा ने विद्यार्थी जीवन में आपका व्यक्तित्व विषय को लेकर अपनी बातें सभी स्वयंसेवकों को समझाई। विशिष्ट वक्ता के रूप में विभाग अध्यक्ष कृषि विभाग विश्वविद्यालय सतना नीरज वर्मा ने कृषि में युवा का योगदान विषय को लेकर बताया कि कितना योगदान है युवाओं का कृषि में स्वयंसेवकों को खेल के माध्यम से ऐसे एक साथ मिलकर सभी को काम करना है। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया और अपना हुनर दिखाया।

# 295 प्रकरणों में अत्याचार पीड़ितों को 2 करोड 96 लाख की सहायता स्वीकृत

### जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न



**सतना।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) में 295 प्रकरणों में अब तक 2 करोड 96 लाख रूपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इस आशय की जानकारी नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में दी गई।इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवेश सिंह बघेल,जिला संयोजक आदिम जाति कमलेश्वर सिंह,जिला लोक अभियोजक ज्योति जैन, एएसआई अजाक थाना रावेन्द्र कुमार,एडीपीओ श्रीकेश यादव,समिति के सदस्य रामकलेश साकेत, कमल वाल्मीक,मुरानी सोनी,लव सिंह,बृजेश कुमार अहिरवार उपस्थित थे। जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक में बताया गया कि अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक जिले में अत्याचार पीड़ितों के 295 प्रकरणों में अब तक 2 करोड 96 लाख रूपये की आर्थिक सहायता हितग्राहियों को स्वीकृत की गई है। जिसमें अनुसूचित जाति के 227 मामलो में 2 करोड 44 लाख रूपये और अनुसूचित जनजाति के 68 मामलों में 71 लाख रूपये की राशि योजना के प्रावधान के तहत स्वीकृत की गई है। बैठक में बताया गया कि अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत जनवरी 2025 से मार्च 2025 की स्थिति में अनुसूचित जाति वर्ग के 41 एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की 10 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के 5 मामले और अनुसूचित जाति के 35 मामले लंबित है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों के डिस्पोजल में अधिक प्रयास करने की जरुरत है। प्रकरणों का निराकरण तीव्र गति एवं व्यक्तिगत रुचि लेकर निराकरण करने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के स्वीकृत प्रकरणों में लंबित भुगतान के लिए बजट आवंटन हेतु शासन को प्रस्ताव भेजें।

# जिले में अब तक 9.90 लाख से अधिक नागरिकों की कराई गई ई-के.वाई.सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले की समस्त जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में समग्र पोर्टल मे समग्र आई.डी से आधार नंबर की शत-प्रतिशत ई-के.वाय.सी. का कार्य पूर्ण कराने हेतु की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा अभियान की सतत समीक्षा की जाकर अधिकारियों को भू- स्वामियों के राजस्व भू-अभिलेख खसरे को समग्र एवं आधार से लिंकिंग प्रक्रिया भी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के नगरीय निकायों सहत विकासखंडों में समग्र ई-केवाईसी का कार्य निरंतर जारी रखा जाकर अधिक से अधिक नागरिकों की समग्र आई.डी से खसरा नंबर लिंक कराने की कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर विकासखंडवार किये जा रहे इस कार्य के तहत बुधवार 26 मार्च की प्रातः तक जिले में कुल 9 लाख 90 हजार 343 नागरिकों की समग्र आई से आधार से ई-केवाईसी की जा चुकी है। जिसमें जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 21 हजार 350 , जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 44 हजार 744, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 75 हजार 147, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 44 हजार 372 , जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 2 हजार 620, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 47 हजार 735, नगर निगम कटनी क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार 411, नगर परिषद बरही में 10 हजार 777, नगर परिषद कैमोर में 11 हजार 212 तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 6 हजार 975 नागरिकों की ई- केवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है।

## खबर संक्षेप

### महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

**छतरपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत शहर की सीताराम कॉलोनी में एक महिला द्वारा अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है, वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरु की है। बताया गया है कि सीताराम कॉलोनी निवासी नरेश पाटकर की 27 वर्षीय पत्नी सुषमा पाटक ने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात अज्ञात कारणों के चलते घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में परिजनों से बात करने का प्रयास भी किया गया लेकिन परिवार के लोगों ने बात करने से इंकार कर दिया। गुरुवार की सुबह जिला अस्पताल में सुषमा के शव का पोस्टमार्टम कराकर, शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### खाना पकाते समय ब्लास्ट हुआ प्रेशर कुकर, महिला घायल



**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम रगौली में गुरुवार को एक महिला खाना पका रही थी, तभी अचानक चूल्हे पर चढ़ा प्रेशर कुकर ब्लास्ट हो गया और महिला बुरी तरह से घायल हो गई। हादसे के बाद महिला को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। रगौली निवासी पार्वती पत्नी करन राजपूत ने बताया कि वह सुबह करीब 7 बजे घर की रसोई में खाना पका रही थी। चूल्हे पर प्रेशर कुकर में दाल चढ़ी हुई थी तभी अचानक प्रेशर कुकर ब्लास्ट हो गया और वह घायल हो गई। ब्लास्ट के बाद परिजन आनन-फानन में निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल लेकर आए हैं।

### धूमधाम से मनाया जाएगा श्री झूलेलाल साईं का जन्मोत्सव

**छतरपुर।** सिंधी समाज के युवा शाखा मीडिया प्रभारी केशव सिंधी, संरक्षक एवं भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष लालचंद लालवानी एवं पूज्य सिंधी पंचायत छतरपुर के अध्यक्ष श्याम आडवाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा एवं सिंधी युवा समिति के निर्देशानुसार श्री झूलेलाल सांई का जन्मोत्सव (चेटीचंद्र) का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ 30 मार्च 2025 को श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 29 मार्च की शाम से शुरु होने वाला कार्यक्रम 30 मार्च तक चलेगा, जिसमें समाज के बच्चों एवं अन्य टीमों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। शहर में दो पहिया वाहन रैली निकालेगी। मंदिर में भगवान झूलेलाल साईं का जलाभिषेक (शाही स्नान), भजन कीर्तन, प्रसाद वितरण, बाहर से आए कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारा होगा। श्री बहराणा साहिब में ज्योति प्रज्वलित करके महाआरती के बाद, भगवान झूलेलाल साईं एवं बहराणा साहिब की शोभायात्रा, सिंधी धर्मशाला, सिंधी गुरुद्वारा से चौक बाजार होते हुए महल रोड स्थित बड़े तालाब पहुंचकर संपन्न होगी।

### कलेक्टर ने 3 लोगों के विरुद्ध 93525 रुपए का अर्थदंड लगाया

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा विगत मंगलवार को 3 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 93 हजार 525 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है। जिसके अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था।

## रेस्क्यू जारी....



# पत्थर खदान में चालक सहित डूबा डंपर
# 22 घंटे के बाद भी बाहर नहीं निकल सका शव



**छतरपुर।** जिले के गौरिहार पुलिस अनुविभाग अंतर्गत प्रकाश बम्होरी थाना क्षेत्र की कंडाही पहाड़िया के समीप मौजूद पत्थर खदान में बीती शाम एक डम्फर चालक, मय वाहन के गिर गया। घटना के करीब 22 घंटे बाद भी चालक का शव और डम्फर खदान से बाहर नहीं निकल सका है। सुबह से ही पुलिस टीमें रेस्क्यू में लगी हुई हैं।

स्थानीय लोगों से जानकारी मिली है कि मृतक का नाम मनोज पुत्र सुरेन्द्र पाल था, जिसकी उम्र करीब 20 वर्ष थी और वह मूलतः हटवा गांव का रहने वाला था। मनोज वर्तमान में मकरबई खोड़ा में रहता था तथा पेशे से ट्रैक्टर चालक था। ट्रैक्टर चालक होने के बावजूद खदान संचालक ने मनोज को डम्फर चलाने की जिम्मेदारी दी थी। बुधवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे जब मनोज पाल बनाफर ग्रेनाइट कंपनी के डम्फर क्रमांक एमपी 16 एच 1880 को अलकनंदा ग्रेनाईट की पत्थर खदान से बाहर निकाल रहा था तभी डम्फर अनियंत्रित होकर पानी से लबालब भरी करीब 40 फीट गहरी खदान में गिरकर डूब गया। खदान में चालक सहित डंफर गिरने की खबर मिलते ही गांव के लोगों खदान पर एकत्रित हो गए, साथ ही पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीएम बलवीर रमन, तहसीलदार शारदा प्रसाद सोनी, एसडीओपी नवीन दुबे, थाना प्रभारी सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। रात को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू शुरु नहीं हो सका। गुरूवार की सुबह एसडीआरएफ, गोताखोर और क्रेन मशीन को मौके पर बुलाकर रेस्क्यू शुरु कराया गया। शाम पौने 6 बजे खबर लिखे जाने तक खदान में डूबे डंफर और मनोज के शव को बाहर नहीं निकाला जा सका है।

**इनका कहना है -**

प्रकाश बम्हौरी थाना क्षेत्र की अलकनंदा ग्रेनाईट पत्थर खदान में एक डम्फर गिरकर डूब गया है। डम्फर के साथ चालक भी खदान में गिर गया था। एसडीआरएफ, गोताखोर और क्रेन मशीन की मदद से डम्फर और चालक के शव को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू किया जा रहा है।

**विदिता डागर**
**एएसपी, छतरपुर**

### नारज परिजनों और ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



दोपहर तक जब मनोज पाल का शव खदान से बाहर नहीं निकला तो परिजन और ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। ग्रामीणों ने ज्योराहा के समीप मुख्यमार्ग पर चक्काजाम करते हुए हांगामा शुरु कर दिया। हंगामे की खबर लगने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने परिजनों को समझाइश दी और अपने द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया तब प्रदर्शनकारी शांत हो गए।

## डीआईजी ने पुलिस लाइन का किया वार्षिक निरीक्षण



### परेड और बलवा ड्रिल की जांच कर दिए आवश्यक निर्देश

**छतरपुर।** गुरुवार को पुलिस लाइन परिसर में पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया, साथ ही पुलिस ग्राउंड में परेड सलामी, प्लाटून वार निरीक्षण और परेड हुई। निरीक्षण में आर्म्स, बलवा सामग्री और वाहनों की जांच भी की गई। डीआईजी श्री शाक्यवार ने बताया कि पुलिस परेड ग्राउंड में आगामी पर्वों पर शांति, सुरक्षा, एवं कानून व्यवस्था की सुनिश्चितता एवं आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने, दंगा और बलवा पर नियंत्रण हेतु बलवा ड्रिल का अभ्यास हुआ, जिसमें पुलिस की 5 पार्टियां अश्रु गैस, केन, लाठी, राइफल और रिजर्व पार्टी शामिल थी। बलवाइयों के उपद्रव पश्चात पुलिस द्वारा स्थिति नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम आवश्यक बल का प्रयोग किया गया। बलवा ड्रिल पर उपस्थित पुलिस बल को बलवा ड्रिल के महत्व के बारे में बताया गया और अभ्यास करते समय हुई त्रुटियों तथा समस्याओं के बारे में समझाइश दी गई। वार्षिक निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डागर के अलावा समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, थाना, चौकी प्रभारी और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस कर्मियों की सम्मेलन में सुनी समस्याएं



श्री शाक्यवार ने बताया कि पुलिस कर्मियों की समस्याओं के निराकरण हेतु पुलिस सम्मेलन कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें पुलिसकर्मियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। आवास एवं अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। जिला मुख्यालय के साथ-साथ अनुभाग एवं थाना स्तर पर पुलिस सम्मेलन आयोजित करने हेतु निर्देश दिए। समस्याओं को लेकर तनाव में ना रहे, उच्च अधिकारी एवं पुलिस साथी से साझा करें, समस्याओं का हल संभव है। स्वयं का एवं परिवार का ख्याल रखें, नैतिकता एवं खुशी से रहें। वहीं वार्षिक अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक ललित शाक्यवार द्वारा छतरपुर जिले के समस्त थानों के अपराधों की समीक्षा की गई। लंबित गंभीर अपराधों, शिकायतों के त्वरित निकाल हेतु निर्देश दिए गए। थाने में आगंतुकों एवं शिकायतकर्ता से सकारात्मक व्यवहार के निर्देश डीआईजी ने थाना-चौकी प्रभारियों को दिए। उन्होंने कहा कि एप्लीकेशन में फीडिंग, वीसीएनबी, हिस्ट्रीशीट चेकिंग नियमित, बीट प्रभारी एवं बीट आरक्षक द्वारा बीट से क्षेत्र में होने वाली गतिविधियां, संदिग्ध, अपरिचित व्यक्ति के भ्रमण संबंधी सूचना संकलित कर अवगत करायें।

## गर्भवती महिला का एंबुलेंस में हुआ प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम चंद्रपुरा की रहने वाले एक गर्भवती महिला को गुरूवार की सुबह प्रसव वेदना के चलते एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले एंबुलेंस में ही उसका प्रसव हो गया। एंबुलेंस स्टाफ ने प्रसव के बाद प्रसूता और नवजात शिशु को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों को स्वस्थ बताया गया है।

चंद्रपुरा नई बस्ती निवासी हरि पटेल ने बताया कि उसकी 35 वर्षीय पत्नी हेमा पटेल को गुरूवार की सुबह करीब 8 बजे प्रसव पीड़ा शुरु हुई थी। परिजनों ने एंबुलेंस को बुलाया, जो कि करीब साढ़े 9 बजे चंद्रपुरा पहुंची। हेमा को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन इसी दौरान महाराजा कॉलेज तिराहे पर महिला का प्रसव शुरु हो गया। एंबुलेंस चालक दिलीप कुशवाहा ने समझदारी दिखाते हुए वाहन को रोक दिया और एंबुलेंस स्टाफ ने हेमा को सुरक्षित प्रसव कराया। इसके बाद हेमा और उसके बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉ. ऋषि द्विवेदी ने जांच के बाद दोनों को स्वस्थ्य बताया है। हरि पटेल ने बताया कि उसकी दो बेटियां थीं, आज उसकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है।

## पैथालॉजी में लगी आग लाखों का सामान जला



**छतरपुर।** गुरूवार की सुबह शहर के फब्बारा चौक के समीप मौजूद एक पैथालॉजी सेंटर में भीषण आगजनी की घटना सामने आई है। बताया गया है कि फब्बारा चौक के पास पंजाब होटल के ऊपर द्वितीय तल पर मौजूद स्नेहा पैथालॉजी में सुबह करीब 7 बजे आग लग गई थी। आसपास के लोगों ने धुआं देखा तो पैथालॉजी संचालक दिलीप तिवारी को सूचना दी। जब तक दिलीप मौके पर पहुंचे तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। नगर पालिका की दमकल टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा 10 से 15 लाख का सामान खाक में तब्दील हो चुका था। दिलीप तिवारी के पिता प्रेम तिवारी ने बताया कि बुधवार की शाम को वह रोज की तरह पैथालॉजी बंद करके घर गए थे। सुबह के वक्त आसपास के लोगों ने दुकान में आग लगने की सूचना उन्हें दी। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे।

## छत से जमीन पर गिरा वृद्ध, इलाज के दौरान हुई मौत

**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ेरी में एक वृद्ध अपने घर की छत पर गेहूं चढ़ा रहा था, इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह जमीन पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद वृद्ध को लवकुशनगर से जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मुड़ेरी निवासी डगरू अहिरवार ने बताया कि बुधवार की दोपहर में उसके 60 वर्षीय पिता पात्रे अहिरवार घर की छत पर गेहूं चढ़ा रहे थे इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से जमीन पर जा गिरे। गिरने के बाद पात्रे अहिरवार घायल हो गए थे। परिजन उन्हें तुरंत लवकुशनगर अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को ध्यान में रखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गुरूवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पात्रे ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



## बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाने वालों को मिलेगा उपहार

छतरपुर नगर पालिका ने शुरु की अनोखी पहल



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में छतरपुर नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर के समस्त वार्डों में कर्मचारी घर-घर जाकर बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। उक्त कार्य में गति लाने की मंशा से छतरपुर नगर पालिका द्वारा एक विशेष पहल भी शुरू की गई है। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया कि जो भी नागरिक, 70 वर्ष से अधिक उम्र के 100 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहायता करेंगे या नगर पालिका छतरपुर में जानकारी उपलब्ध कराएंगे, उन्हें नगरपालिका द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित सहयोगियों को एलईडी टीवी, कूलर, इंडेक्शन, प्रेस, प्रेशर कुकर जैसे 20 आकर्षक उपहार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना का लाभ लें।

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है डीप थिंकिंग: डॉ. संजय शर्मा

### मानसिक विक्षिप्तों के सेवक ने हरियाणा के केंद्रीय विश्वविद्यालय में दिया व्याख्यान

**छतरपुर।** मानसिक विक्षिप्तों के सेवक छतरपुर निवासी डॉ संजय शर्मा ने गुरुवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ केंद्रीय विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर बतौर मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया, जो कि संपूर्ण छतरपुर के लिए गौरव का क्षण था। अपने व्याख्यान में डॉ शर्मा ने मेडिटेशन, योग, व्यायाम को अपनाकर सकारात्मक विचार रखने तथा डिप्रेशन से बचने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।महेंद्रगढ़ केन्द्रीय विश्वविद्यालय में मास कम्युनिकेशन के प्रोफेसर सहित विभिन्न राज्यों के बच्चों को तकरीबन दो घंटे तक मानसिक स्वास्थ्य कल्याण विषय पर डॉ शर्मा ने व्याख्यान दिया। इस दौरान उपस्थित युवाओं द्वारा किए गए सवालों का जवाब देकर डॉ. शर्मा ने उनकी जिज्ञासा को भी शांत किया। डॉ. शर्मा ने मस्तिष्क को स्वस्थ रखने, डिप्रेशन से बचाव आदि विषयों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि बच्चों को



नशीले पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए और मोबाइल का कम से कम उपयोग करना चाहिए। उन्होंने डीप थिंकिंग को मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया। डॉ शर्मा ने कहा कि वर्तमान में मोबाइल के अधिक इस्तेमाल और डीप थिंकिंग के कारण कई बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता को भी अपने बच्चों से उतनी ही अपेक्षा रखना चाहिए जितना कि बच्चे की शारीरिक और बौद्धिक क्षमता हो। यदि किसी बच्चे को 4 सप्ताह तक लगातार नींद न आने, घबराहट होने, किसी काम में मन न लगने, मेंटल डिसऑर्डर जैसी समस्या होती है तो उसे तुरंत चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी परिस्थिति में युवाओं के मन में आत्महत्या जैसे ख्याल नहीं आने चाहिए। डॉ. शर्मा ने मानसिक विक्षिप्तों की दशा सुधारने के लिए शासन द्वारा निर्धारित किए गए कानून एवं अन्य प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति द्वारा डॉ. शर्मा का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ शर्मा को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर एवं पत्रकारिता व दूरसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने पत्र भेजकर कार्यशाला में आमंत्रित किया था। डॉ. शर्मा पिछले 35 वर्षों से मानसिक रोगियों की सेवा करने वाले डॉ शर्मा अब तक 11 सौ से अधिक मानसिक रोगियों को समाज की मुख्य धारा से जोडने में सफल रहे। हाल ही में उन्हें सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति डॉ द्रौपदी मुर्मू ने डॉ शर्मा को प्रदान किया था। बुंदेलखंड गौरव से लेकर तमाम सम्मान हासिल करने वाले डॉ. शर्मा बिना किसी सहयोग के अपने कार्यों में निरंतर लगे हैं।



## रंजिश के चलते युवक को घर बुलाकर लाठी-डंडों से पीटा

**छतरपुर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम पनौठा में एक युवक के साथ रंजिश के चलते मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। पनौठा निवासी अभिषेक खरे ने बताया कि गांव के भानू पंडित से उसका 5 वर्ष पुराना विवाद है। बुधवार की रात करीब साढ़े 10 बजे भानू ने बात करने के लिए उसे अपने घर पर बुलाया था। जब वह भानू के घर पहुंचा तो उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट की। अभिषेक के सिर के अलावा शरीर के अन्य अंगों में चोटें आई हैं। घायल अवस्था में अभिषेक के परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम ने पूजा सामग्री एकत्र करने लगाए निर्माल्य आकर्षक कलश



**रीवा।** शहर में अब प्रमुख स्थानों पर बड़े आकार के कलश रखे हुए नजर आएंगे। यह केवल दिखावे के लिए नहीं बल्कि स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रखे जा रहे हैं। नगर निगम ने स्वच्छता को लेकर नया प्रयोग किया है। जिसके तहत शहर के प्रमुख मंदिरों, चौराहों, जलस्रोतों और अन्य व्यस्ततम स्थानी पर यह कलश रखे जा रहे हैं। इन कलशों में पूजा सामग्री जी नदियों और तालाबों में बहाई जाती रही है उसका संकलन किया जाएगा। साथ ही मंदिरों के बाहर भी बड़ी मात्रा में श्रद्धालु पूजा सामग्री खुले में फेंक देते है। अब उक्त कलश में डाले जाने की अपील की जा रही है। आस्था को अब स्वच्छता के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि लोगों द्वारा पूजा-पाठ के समय फेंकी जाने वाली सामग्री जो कचरा उत्पन्न करती है उसका भी सही तरीके से निपटान किया जा सकेगा। इन निर्माल्य कलशों की स्थापना के पीछे की वजह पूजन सामग्री, फूल-माला के जैविक कचरे को नदी में फेंकने के बजाय एक उचित स्थान पर एकत्र करना बताया गया है। निर्माल्य पात्र विशेष रूप से धार्मिक कार्यों के बाद फूल माला आदि को एकत्र करने के लिए बनाए गए है, ताकि लोग पूजन सामग्री को सीधे नदी में न बहाएं, जल प्रदूषण रोका जा सके। ये पात्र शहर के प्रमुख घाटों और मंदिरों के पास लगाए गाए है, जिससे श्रद्धालु आसानी से इनका उपयोग कर सकें। बताया गया है कि आगे भी अन्य स्थानों पर इन्हें रखने का कार्य जारी है। गणेश उत्सव के दौरान लोग अपने घरों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित करते हैं और उन्हें बीहर और बिछिया नदियों में प्रभावित करते हैं। कई श्रद्धालु ऐसे होते हैं जो छोटे आकार के गणेश स्थापित करते हैं लेकिन उसे प्रभावित करने के लिए उन्हें नदियों के निर्धारित घाट पर जाना पड़ता है। ऐसे में अपने नजदीकी स्थान पर स्थापित निर्माल्य कलश में लोग इन छोटी प्रतिमाओं को प्रभावित कर सकेंगे।

### लूट करने वाला बाल अपचारी पकड़ाया

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली पुलिस रानीतालाब में चाकू दिखाकर लूट करने वाले एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है,वही घटना में शामिल तीन फरार आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। सिटी कोतवाली पुलिस ने मिली जानकारी अनुसार 24 मार्च को चाकू अड़ाकर रानीतलाब में लूट की घटना सामने आई थी। पीड़ित श्याम सुन्दर प्रजापति अपने दोस्तो के साथ रानी तालाब पार्क में घूमने आया था। दोपहर करीब तीन बजे चार लड़के इसी दौरान रानी तालाब की बाउण्ड्री कूदकर आये और उनके साथ गाली गलौज करते हुए चाकू दिखाकर पैसा मागने लगे, जब वो मना किए तो चाकू अड़ाकर जबरन फोन पे के माध्यम से 5000 रु मोबाईल नं. पर ट्रांसफर करवा लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने घटना में शामिल एक विधि विरुध्द बालक को अभिरक्षा में लिया जो अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। कोतवाली पुलिस ने बालअपचारी के हिस्से में आए लूट के 12 सौ रूपए में से एक हजार रुपए भी जब्त कर लिए है। मामले मे विधि विरुध्द बालक को गिरफ्तार कर बाल सम्प्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया है तथा अन्य आरोपियो की पता कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।

### शहीद पुलिस उप निरीक्षक के परिवार को एक करोड़ रूपये का चेक प्रदान किया



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर मऊगंज जिले के गौतम परिवार को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के अंतर्गत एक करोड़ रूपये की राशि का चेक प्रदान किया। भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सेलरी पैकेज योजना में पुलिसकर्मियों को दी जाने वाली पूरक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा सुविधा के अनुसार परिवार को यह राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लेने के निर्देश पुलिस महानिदेशक को दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि कर्तव्य निवर्हन के दौरान अपने प्राणों को उत्सर्ग करने वाले पुलिस उपनिरीक्षक श्री रामचरण गौतम की पत्नी श्रीमती पुष्पा को चेक प्रदान करते हुए कहा कि राज्य शासन ने स्व. गौतम को शहीद का दर्जा देते हुए उनके आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है।

## बिछिया पुलिस ने घटना का किया खुलासा

# जमीनी विवाद में व्यापारी की हुई हत्या, दो गिरफ्तार

**शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में स्थित चिरहुला मंदिर के समीप चाय की दुकान चलाने वाले एक व्यापारी की बीती रात हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वही एक आरोपी फरार है।**

रीवा।



जिसकी तलाश की जा रही है, हत्या का कारण मृतक और आरोपियों के बीच चल रहा जमीनी विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, मृतक छोटे लाल यादव उम्र 50 वर्ष निवासी लखैया, थाना बिछिया चिरहुला मंदिर के समीप में एक छोटी सी चाय की दुकान चलाता था। पिछले कुछ समय से मृतक का बृजेन्द्र यादव सहित अन्य लोगों के साथ जमीनी विवाद चल रहा था, जिसे लेकर दोनों पक्षों में अक्सर तनाव रहता था। बीती रात छोटे लाल यादव दुकान बंद कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में गांव के बृजेन्द्र यादव ने अपने दो साथियों रवि यादव और धीरज यादव के साथ मिलकर उन पर लाठी-डंडे से हमला किया। हमले में गंभीर रूप से घायल छोटे लाल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय मृतक का बेटा उमेश यादव भी घर से खेत की ओर जा रहा था, जिसने शोर सुना और घटना स्थल पर पहुंचा। जब तक वह मौके पर पहुंचा, आरोपियों ने भाग निकले थे, घटना की जानकारी मिलते ही बिछिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को संजय गांधी अस्पताल की मर्चुरी में भेज दिया। मृतक के बेटे उमेश यादव की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया और आरोपियों की तलाश शुरू की। बिछिया पुलिस की टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बृजेन्द्र यादव (34 वर्ष), रवि यादव (34 वर्ष) शामिल हैं, जबकि तीसरा आरोपी धीरज यादव फरार है। पुलिस ने आरोपियों से बारीकी से पूछताछ की और उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, एक साइकिल और लाठी-डंडे को बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरी तत्परता से कार्रवाई की गई। पुलिस टीम अब फरार आरोपी धीरज यादव की तलाश में जुटी हुई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया वही पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

### हत्या के प्रयास में फरार इनामी आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

**मुंबई में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था आरोपी, सिरमौर पुलिस ने की कार्रवाई**



**रीवा।** जिला की सिरमौर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया है, बता दे आरोपी तीन साल से फरार था, पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5000 रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी की पहचान मनोज सोंधिया के रूप में हुई है, जो अब तक पुलिस से बचता रहा था। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी ने 2023 में सिरमौर के ग्राम बेलवा ससुरी में अपने ही गांव के निवासी सुखी जायसवाल से शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे। जब जायसवाल ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने उस पर देसी कट्टे से गोली चला दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इस मामले में सिरमौर पुलिस ने आरोपी पर धारा 294, 327, 307, और 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विभिन्न प्रयास किए थे जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी जेपी पटेल और उनकी टीम ने नवी मुंबई से आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले कुछ समय से मुंबई में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने उसे रीवा लाकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस सफलता को लेकर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी उमेश प्रजापति ने पुलिस टीम की सराहना की और बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई महीनों तक लगातार प्रयास किए।

## मातृ एवं शिशु के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिये समन्वित प्रयास आवश्यक: उप मुख्यमंत्री

**वेसिक्स आफ क्रिटिकल केयर इन आब्सटेटरीज विषय पर आयोजित कार्यशाला का किया शुभारंभ**




रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मातृ एवं शिशु के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिये समन्वित प्रयास आवश्यक है। मातृ मृत्युदर को कम करने में चुनौती के साथ संभावनाएँ हैं। गभर्वती महिला की समय-समय पर जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श देकर एवं उनके परिजनों को जागरूक कर मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। उप मुख्यमंत्री ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में गायनी विभाग के तत्वाधान में वेसिक्स ऑफ क्रिटिकल केयर इन आब्सटेटरीज विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीयन हो। उसकी समय-समय पर जांच की जाकर चिकित्सकीय परामर्श दिया जाय और यह प्रयास हों कि वह क्रिटिकल अवस्था में पहुंचे ही नहीं। चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएँ देकर एवं ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य कार्यकर्ता व स्टाफ अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए गर्भवती महिला का ध्यान रखें और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने का समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि हुई है। चिकित्सकों के पदों की पूर्ति की गई है। मेडिकल कालेज खोले गये हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों को सुविधायुक्त बनाया जा रहा है ताकि वहां जिला अस्पताल जैसी सभी सुविधाएँ मुहैया रहें। उन्होंने चिकित्सकों व स्वास्थ्य विभाग के अमले को इस चुनौती का सामना करते हुए संकल्प शाक्ति के साथ कार्य करने की अपेक्षा की ताकि हमारा प्रदेश मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु दर कम कर पाने में सफल हो सके। श्री शुक्ल ने कहा कि कार्यशाला में विचार विमर्श व प्राप्त सुझावों का नीचे स्तर तक लाभ मिलेगा और यह कार्यशाला सार्थक सिद्ध होगी। उन्होंने कार्यशाला में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ व बीएमओ की उपस्थिति की बात कही। कार्यशाला को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की डायरेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने भोपाल से वीडियो कांफ्रेंसिग से सम्बोधित किया। इस अवसर पर डायरेक्टर एनएचएमएमसीएच (रेगुलेशन एण्ड पॉलिशी) डॉ. अरूणा कुमार ने पीपीटी के माध्यम से मातृ मृत्यु दर का संभागवार प्रस्तुतीकरण देते हुए उसे कम करने के विषय में जानकारी दी। संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अरूण श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यशाला से चिकित्सक सीख लेकर समर्पण भाव से कार्य करें तो हम प्रदेश में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम कर सकेंगे। उन्होंने शोध व अकादमिक स्तर को सशक्त बनाने की भी बात कही। अरूण श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से पर्याप्त बजट प्राप्त हुआ है। स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि हो रही है। रीवा भी उक्त स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रदेश में पीछे नहीं है। इससे पूर्व कार्यशाला के उद्देश्य से जानकारी देते हुए डॉ. बीनू कुशवाहा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा सहित प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालय के गायनी विभाग के चिकित्सक, मेडिकल कालेज के चिकित्सक तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने रीवा पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता

**गूगल में सर्च करने पर टॉप 10 में बलात्कारी व भ्रष्टाचारी नेताओं में नजर आते हैं भाजपा नेता : जीतू पटवारी**

रीवा ।




कांग्रेस को एक जुट करने और संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस इन दिनो जिले जिले जा कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रही है और उनसे बात कर रही है इसी तारतम्य में आज कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता रीवा पहुंचे और यहां कार्यकताओं से संवाद किया और उन्हें मंच से ही सारे गिले शिकवे मिटा कर एक होने की बात कही, दरअसल मध्य प्रदेश में एक क्षत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी विपक्ष ने बैठने को मजबूर है, हर चुनावों में कांग्रेस को भाजपा से पराजय मिलती है जिससे सबक लेकर अब कांग्रेस तैयारियों में जुट गई है, कांग्रेस पार्टी कि गुटबाजी को खत्म करने और दिग्गज नेता जिलेवार कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें समझा रहे है और संगठन व पार्टी को मजबूत करने की बात कह रहे है,, आज रीवा के वृंदावन गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, सीडब्लू सी सदस्य कमलेश्वर पटेल और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल सहित दिग्गज नेता एक साथ एक मंच ने इकट्ठे हुए, जिसका उद्देश्य कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी को खत्म करना और पार्टी व संगठन का मजबूत करना था जिसको लेकर मंच से है सभी को इक हो कर एक साथ मिलकर काम करने की बात कहीं गई,, इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने कहा की मध्य प्रदेश में कानून का राज नहीं बचा हर रोज पुलिस पिट रही है मुख्यमंत्री कि पकड़ नहीं रही गृह मंत्री प्रदेश में है या नहीं पता नहीं चल रहा, कानून व्यवस्था की इस हालत का जिम्मेदार प्रदेश कि सरकार है किसानों की 50 प्रतिशत जमीन बिना किसी नोटिस और मुआवजा के छीन लेने का काला बिल लाया गया है जिसका कांग्रेस विरोध करती है और इस बिल को वापस नही लिया गया तो प्रदर्शन किया जाएगा।

## गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अमिलिकी में हुआ हादसा

# निर्माणाधीन पुलिया से नहर में गिरी कार, तीन की मौत, दो गंभीर



रीवा।

जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बता दे कि शहर से गोविंदगढ़ घूमने जा रहे तेज रफ्तार कार ने भारी पड़ गई। लापरवाही के कारण काल से गाल में समा गए, मिली जानकारी अनुसार पांच दोस्त रीवा से गोविंदगढ़ के लिए रात में निकले थे, वही कार की रफ्तार काफी तेज थी, जैसे ही डिहिया के पास कार पहुंची डायवर्सन सड़क पर नहीं मुड़कर कार चला रहा युवक निर्माणाधीन पुलिया की ओर चला गया। आगे ड्रम सहित मिट्टी का ढेर लगा था, जिसमें कार टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी की कार में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें आसपास के लोगों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां तीन युवकों की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि दो का उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। बता दे कि बीती रात हुए हादसे में राज खटिक पिता राजेश खटिक 24 वर्ष निवासी प्रकाश चौराहा, कृष खटिक पुत्र हजारी लाल खटिक 19 वर्ष व राजीव रजक पुत्र विनोद रजक 17 वर्ष की मौत हो गई है। इसके साथ ही प्रिंस खटिक व लाली चिकवा घायल है, जिनका उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। गोविंदगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिस स्थान पर यह सड़क हादसा हुआ है वहां नहर पर पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है और मार्ग डायवर्ट किया गया है। लेकिन तेज रफ्तार कार सवार डायवर्सन मार्ग को समझ नहीं पाया और कार सीधे निर्माणाधीन पुलिया के पास ट्रक और मिट्टी के ढेर से टकराते हुए पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची थी्र जिसके बाद सभी को कार से बाहर निकालकर अस्पताल लाया गया जहां तीन युवकों की मौत हो गई। बुधवार को मृतकों के शव को पीएम उपरांत परिजनों को सौप दिया गया है, वहीं गोविंदगढ़ पुलिस मर्ग कायम कर घटना की विवेचना में लगी हुई है। वहीं पूरे मामले पर डीएसपी हेड क्वार्टर हिमालय पाठक ने घटनास्थल पर पहुंचकर हादसे की जानकारी ली इस दौरान उन्होंने निर्माण कंपनी को डायवर्सन संकेत लगाने सहित लोगों को जागरूक करने को निर्देशित किया है।

## जिला प्रशासन ने आयोजित की शान्ति समिति की बैठक



**मऊगंज।** जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के दोनों नए प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर संजय जैन पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने आगामी ईद और रामनवमी त्योहार को देखते हुए सभी विभागों के अधिकारी धर्म गुरुओं जनप्रतिनिधियों व्यापारियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाने एवं त्योहार के समय शांति व्यवस्था कायम रखने दिशा निर्देश दिए गए उपस्थित जन समूह द्वारा अपने-अपने सुझाव विचार व व्यवस्था हेतु उचित मांग रखी गई 06 अप्रैल को रामनवमी एवं 31 मार्च को ईद हो सकती है बैठक में कलेक्टर पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह अपर कलेक्टर पवन गुरैया एसडीएम बृजेंद्र पांडे तहसीलदार सौरभ मारावी जिला पंचायत सदस्य अनीता सुमन जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह उपाध्यक्ष राजेश पटेल नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल पार्षद विश्वनाथ मिश्र सीएमओ महेश पटेल अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शुक्ला एंव सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे प्रशासन द्वारा सभी को दिशा निर्देश देते हुए सभी का सम्मान व धर्म का मान करते हुए त्योहारों को शांतिपूर्वक से मनाएं अफवाहों में ना आए किसी शंका या घटना पर प्रशासन को तत्काल सूचित करें ज्यादातर लोगों ने प्रशासन से पुलिस व्यवस्था पानी साफ सफाई और बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की मांग की है।

## नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत लगाया रोक

### नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही- कलेक्टर

मऊगंज



जिले में किसानो एंव पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण जिले में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर इसको स्ट्रारीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। किसान यदि गेंहू के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।